देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 04.04.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी थाईलैंड के बैंकॉक में चल रहे छठे बिम्स्टेक शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।
- संसद ने वक्फ परिसम्पत्तियों के बेहतर प्रबंधन के लिए वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को पारित किया। लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।
- एशियन डेवलपमेंट बैंक की मदद से टिहरी झील क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण किया जाएगा। विधायक किशोर उपाध्याय ने नई टिहरी में 22 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।
- समान नागरिक संहिता के महानिबंधक डॉ. वी. षणमुगम ने यूसीसी पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया।

पीएम विदेश दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी थाईलैंड के बैंकॉक में चल रहे छठे बिम्स्टेक शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने बिम्स्टेक के सदस्य देशों—बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यामां, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन देशों के प्रयासों से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा।

वक्फ संशोधन विधेयक

वक्फ संशोधन विधेयक 2025 संसद से पारित हो गया है। राज्यसभा ने 12 घंटे की चर्चा के बाद आज इसे मंजूरी दी। 128 सदस्यों ने इस विधेयक के पक्ष में और 95 ने विपक्ष में मतदान किया। लोकसभा से यह विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का उद्देश्य विरासत स्थलों के संरक्षण और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के प्रावधानों के साथ ही वक्फ परिसंपत्तियों का समुचित प्रबंधन करना है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और वक्फ बोर्ड तथा स्थानीय प्राधिकरणों के बीच समन्वय बढ़ाकर प्रशासन में सुधार लाया जाएगा। विधेयक का उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं, विशेषकर विधवा और तलाकशुदा औरतों की आर्थिक तथा सामाजिक स्थिाति में सुधार लाना भी है। इसके तहत वक्फ बोर्ड में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों तथा महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर, बेहतर प्रशासन के लिए बोर्ड को अधिक समावेशी बनाया जायेगा। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस अधिनियम से

मुस्लिम समुदाय के करोड़ों निर्धन लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सबका साथ–सबका विकास के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है।

इस बीच, लोकसभा की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया।

टिहरी लेक प्रोजेक्ट

एशियन डेवलपमेंट बैंक– एडीबी की मदद से 1 हजार 2 सौ 44 करोड़ रुपये की टिहरी झील परियोजना के तहत नई टिहरी में विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। इसी कड़ी में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने करीब 22 करोड़ रुपये की धनराशि से बनने वाले आईएसबीटी बौराड़ी, कवर्ड मार्केट और सिटी सेंटर के कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास से पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा।

आकाशवाणी से बातचीत में जिलाधिकारी मयूरी दीक्षित ने बताया कि टिहरी झील परियोजना के सभी कार्य अगले छह माह के भीतर शुरू हो जाएंगे और आने वाले दिनों में नई टिहरी एक शानदार पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।

समान नागरिक संहिता

समान नागरिक संहिता के महानिबंधक डॉ. वी. षणमुगम ने यूसीसी पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया है, ताकि आवेदकों को किसी तरह की असुविधा न हो। इस संबंध में रुद्रप्रयाग जिले में आयोजित यूसीसी बैठक में डॉ. षणमुगम ने यूसीसी के सफल क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारियों, रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रार की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि विवाह पंजीकरण के दौरान प्रतिबंधित श्रेणियों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि कानून का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति पंजीकरण से वंचित न रहे और आम जनता को इस प्रक्रिया में किसी तरह की परेशानी न हो।

वनाग्नि

गर्मियां शुरू होते ही प्रदेश में वनाग्नि के मामले बढ़ने लगते हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने जंगलों में लगने वाली आग को रोकने के लिए काम करना शुरू कर दिया है। इसी सिलसिले में टिहरी जिला सभागार में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अग्नि सुरक्षा समिति की बैठक हुई। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को फायर सीजन से पहले वनाग्नि की दृष्टि से संवेदनशील गांवों में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करने और जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए।

हॉर्स फ्लू

रुद्रप्रयाग जिले में द्वितीय केदार मद्महेश्वर के मुख्य पड़ाव गौंडार गांव में तेज बुखार और खांसी के चलते तीन खच्चरों की मृत्यु हो गई है, जबकि 18 से अधिक खच्चर बीमार बताए जा रहे हैं। पशुपालन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सतेंद्र यादव के नेतृत्व में पशुपालन विभाग की टीम बीमार पशुओं के उपचार में जुटी है। सभी बीमार पशुओं के रक्त के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। जिले के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष रावत ने बताया कि जिले में हॉर्स फ्लू से पीड़ित घोड़ों और खच्चरों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है।

यमुना जयंती

यमुनोत्री के शीतकालीन प्रवास खरसाली में यमुना जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर यमुना के किनारे 1 हजार 8 दीपदान चुनरी मनोरथ का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेष पूजा–अर्चना के बाद दीपक नदी में बहाकर सुख–समृद्धि की कामना की गई। उसके बाद गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांव के बच्चों ने लोक विद्याओं पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मनोज कुमार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिग्गज अभिनेता और फिल्म निर्माता मनोज कुमार के निधन पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि अपने लंबे और प्रतिष्ठित करियर में उन्होंने ऐसी देशभक्ति की फिल्में बनाई, जिन्होंने भारत के योगदान और मूल्यों में गर्व की भावना को बढ़ावा दिया। राष्ट्रपति ने उनके परिवारों और प्रशंसकों के साथ अपनी संवेदनाएँ व्यक्त की हैं।